हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## भक्तिमय माहौल के साथ ज्योत-जंवारा और देवी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में नौ दिनों तक जारी रहे नवरात्र पर्व का समापन देवी मूर्तियों और ज्योत-जंवारा के विसर्जन के साथ बुधवार को भक्तिमय वातावरण में हुआ। विसर्जन की शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और जस गीतों पर थिरकते श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जिसने पूरे क्षेत्र को आस्था और उल्लास के रंग में रंग दिया। देवी प्रतिमाओं के साथ-साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन भी एक प्रमुख आकर्षण रहा। नवरात्रि के पहले दिन बोये गए जंवारा (अंकुरित अनाज) को कलश के साथ सिर पर धारण कर शोभायात्रा में शामिल किया गया। विसर्जन से पूर्व इनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भी इस जंवारा शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया, भजन गाते हुए और अपने आंगन को द्वार बनाकर जंवारा कलश का स्वागत करते हुए। विसर्जन स्थल, जो कि नगर के महामाया स्थित तालाब पर होता है, पर पहुँचने के बाद, मंत्रोच्चार और वैदिक विधि-विधान के साथ ज्योत-जंवारा को विसर्जित किया गया। देवी आराधना के इस महापर्व में क्षेत्र की ग्रामीण और लोक संस्कृति का अद्भुत समागम देखने को मिला। विसर्जन के लिए निकाली गई भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए।

### जस गीतों की धुन पर झूमे भक्त

शोभायात्रा की मुख्य पहचान जस गीतों की मधुर और भक्तिपूर्ण धुन रही। जस गीत छत्तीसगढ़ में देवी उपासना के दौरान गाए जाने वाले पारंपरिक भजन होते हैं, जो सीधे हृदय को छूते हैं। गायक दल माँ दुर्गा की महिमा का बखान करते हुए गीत गा रहे थे, जिनमें विदाई का भाव स्पष्ट झलक रहा था। "ज्योत जंवारा के होवत हे विसर्जन, सगरी नहाए बर जाए हो मां" जैसे भक्तिमय गीत हर गली, हर चौक पर गूंज रहे थे। इन गीतों पर श्रद्धालु, खासकर माता सेवादार, आत्म-विभोर होकर नृत्य कर रहे थे।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज

जस गीतों को जीवंत बनाने का कार्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने किया। मांदर, झाँझ, और मंजीरा की थाप ने पूरे वातावरण में एक लयबद्ध और ऊर्जा से भरा माहौल बना दिया। मांदर की थाप पर भक्तजन, विशेष रूप से सांग-बाना धारण किए हुए भक्त, झूमते हुए चल रहे थे। सांग-बाना धारण करने वाले इन भक्तों ने अपने शरीर के विभिन्न अंगों में प्रतीकात्मक रूप से सांग एवं बाना धारण किया हुआ था, जो देवी के प्रति उनकी अटूट आस्था और भक्ति का प्रतीक हैं।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद।** निजी कार्य से एसडीएम दफ्तर पहुंचे एक व्यक्ति को घर वापस जाते समय कार ने ठोकर मार दी जिससे वह घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट घायल के पुत्र ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी शैलेंद्र सेन वार्ड नं 05 ग्राम मुढेना ने बताया कि 26 सितंबर उसके पिता कुलेश्वर सेन अपनी मोटर सायकल हीरो ग्लैमर क्र. सीजी 04 जीएल 8320 से अपने निजी कार्य से एसडीएम कार्यालय महासमुंद आये थे, जो काम पूरा होने के बाद वापस घर मुढेना वापस जा रहे थे। शाम लगभग 5.30 बजे हुंडई शोरूम के पास ग्राम खरोरा एनएच 353 रोड के पास एक स्विफ्ट कार सीजी 06 जीएन 2049 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके पिताजी को कान, दोनो पैर, सिर में चोंट आई और उन्हें जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### युवक के साथ मारपीट दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सोनदादर में एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको प्रार्थी एवन कुमार पाटले निवासीग्राम सोनदादर ने बताया कि 30 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे के आसपास वह अपने दोस्त लक्ष्मीनारायण बंजारे एवं महेंद्र साहू के साथ गांव के क्रिकेट मैदान में बैठा था, तभी मेरे पीछे से गांव के रोहित बांधे एवं पुष्पक बांधे आये तथा पुष्पक बांधे आए और अपने हाथ में रखे लोहे के राड से अचानक उसके सिर में मार दिया जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद दोनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### राहत: अब निर्माण का इंतजार, राहगीरों को जर्जर सड़कों से मिलेगी मुक्ति

## दो बहुप्रतीक्षित सड़कों का सपना हुआ साकार, निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लंबे इंतजार के बाद, आखिरकार क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कें भलेसर से कनेकेरा और चिंगरौद से हथखोज मार्ग तक के निर्माण को प्रशासन से हरी झंडी मिल गई है। इन मार्गों के निर्माण को लेकर मिली आधिकारिक स्वीकृति ने स्थानीय निवासियों और ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। दशकों से जर्जर और आवागमन के लिए कठिन इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा, जिससे उनके दैनिक जीवन, व्यापार और कृषि कार्यों में अभूतपूर्व सुगमता आएगी। इन दोनों परियोजनाओं की स्वीकृति को क्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय आवंटन को भी मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन सड़कों का निर्माण जल्द शुरू होगा।



स्थानीय निवासी छोटू साहू ने बताया, स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर अपनी फसल बेचने मंडी जाने वाले किसानों तक, हर कोई इस सड़क की जर्जरता से परेशान था। निर्माण से भलेसर, कनेकेरा और आसपास के लगभग एक दर्जन छोटे गांवों के लोगों को लाभ होगा।

इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार, यातायात दुर्घटनाओं में कमी, और समय की बचत जैसे कई अप्रत्यक्ष लाभ भी होंगे। भलेसर-कनेकेरा और चिंगरोद-हथखोज मार्गों को मिली यह स्वीकृति, से दो जिलों के जुड़ाव में भी सुगमता आएगी।

### दूरियों को कम करने वाला मार्ग

भलेसर और कनेकेरा को जोड़ने वाला यह मार्ग, केवल दो गांवों को नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कृषि बाजार और शैक्षणिक केंद्र को भी मुख्यधारा से जोड़ता है। वर्तमान में, इस मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, कच्ची सड़क के कारण बारिश के मौसम में कीचड़ और धूल भरी हवाएं गर्मी के मौसम में लोगों के लिए बड़ी समस्या पैदा करती हैं।

### चिंगरौद से हथखोज रोड बनने से होगा व्यापारिक सुधार

चिंगरोद से हथखोज मार्ग मुख्य रूप से खनन और छोटे व्यापारिक केंद्रों को जोड़ता है। वर्तमान में, दोनों स्थानों के बीच यात्रा करने में लगने वाला अधिक समय और वाहनों को होने वाला नुकसान, स्थानीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा था। चिंगरोद से हथखोज तक की यात्रा सुगम होने से, न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इस क्षेत्र में स्थित धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी सरल हो जाएगी।

## बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व दशहरा आज

### 35 फीट ऊंचा रावण पुतला का होगा दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में भी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व दशहरा (विजयादशमी) बेहद उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने रावण दहन के लिए भव्य तैयारियां कर ली हैं। इस वर्ष, नगर के प्रमुख दशहरा मैदान में आकर्षक और विशाल रावण के पुतले बनाए गए हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोगों के आने की संभावना है। नगर में दशहरा उत्सव का मुख्य आकर्षण रावण पुतला का दहन होगा।

आयोजन समिति के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य आकर्षण 35 फीट ऊंचा रावण का पुतला होगा। यह भव्य पुतला राधेश्याम यादव उर्फ़ (राजू पेंटर) द्वारा काली मंदिर के पास उनके निवास पर विशेष वेशभूषा में तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे से हो जाएगी, जिसमें दिशा नाट्य कला मंच के कलाकार भव्य रामलीला का मंचन करेंगे। रामलीला के लिए विशेष रूप से अत्याधुनिक लाइट और साउंड की व्यवस्था की गई है, ताकि दर्शक एक अद्भुत और यादगार अनुभव प्राप्त कर सकें। रामलीला के समापन के बाद, पारंपरिक रूप से अग्निबाण के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। पुतला दहन के तुरंत बाद, आसमान में आकर्षक और रंगीन आतिशबाजी का कार्यक्रम होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने नगर पालिका परिषद से चर्चा कर मैदान की साफ-सफाई व लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्था बनाने का आग्रह किया है।

### सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े इंतजाम

भव्य आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और दशहरा मैदान के आसपास वाहनों की पार्किंग के स्थान चिह्नित किए जाऐगें। पुलिसकर्मी पूरे परिसर में निगरानी रखेंगे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### होगी आतिशबाजी

रावण दहन के दौरान होने वाली भव्य आतिशबाजी नगर के दशहरा उत्सव की पहचान है। इस वर्ष भी रावण का पुतला जलने के साथ ही रंगीन और तेज पटाखों की गूंज से पूरा आकाश जगमगा उठेगा। पुतलों के अंदर पटाखों की मात्रा नियंत्रित रखी गई है, जबकि बाहर से आकर्षक और सुरक्षित आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा।

## दर्शन के लिए चंडी मंदिर आई महिला हुई चेन स्नैचिंग की शिकार

**महासमुंद।** राजिम से अपने परिवार के साथ घुंचापाली चंडी मंदिर दर्शन करने आई महिला चेन स्नैचिंग की शिकार हो गई। मामले को लेकर महिला के बेटे ने बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी हेमंत कुमार सेन निवासी भामाशाह वार्ड क्रमांक 06 राजिम ने बताया कि वह 27 सितंबर को अपनी मां, पत्नी, भाई, बहन तथा दामाद के साथ ग्राम घुचापाली चंडी मंदिर का दर्शन करने अपनी कार से शाम करीबन 6 बजे आया था। मंदिर में दर्शन के लिए परिवार के लोग लाइन में खड़े थे। शाम करीबन 7 बजे काफी भीड़ होने के कारण रात करीब 7.30 बजे देवी की प्रतिमा के पास जैसे ही पहुंचे, उसी समय उसकी मां गले से सोने की पत्ती एवं गेहूं के दाने का माला कीमत 50000 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा झपट मारकर छीन लिया गया। मंदिर के प्रांगण में खोजबीन करने पर पता नहीं चला। किया जो मुझे पता नहीं चला। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कम दहेज लाने की बात कहकर विवाहिता से मारपीट, पति, सास, ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कम दहेज लाने की बात कहकर विवाहिता से मारपीट, प्रताड़ना के मामले में बसना थाने में पति, सास, ससुर के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रूफिजा दयाला (27 वर्ष) पति जुनैद मेमन निवासी ए/4 फ्लेट नं. 1 ब्रम्हा ईस्टेट सोसायटी एनआईबी एम रोड कोंडवा पुणे (महाराष्ट्र) हाल मुकाम बसना मोटर्स के पीछे वार्ड नं 02 दयाला हाउस मेन रोड बसना ने बताया कि निकाह (शादी) 22 नवंबर 2024 को जुनैद मेमन (27 वर्ष) पिता खालिद मेमन के साथ पिथौरा में हुआ। विवाह के समय में जुनैद मेमन के पिता खालिद मेमन ने दूल्हे के लिए 5 तोले की सोने की चेन और चार-पहिया वाहन की मांग की। जिस पर प्रार्थिया के पिता और रिश्तेदारों द्वारा उन्हें समझाइश दी गई, लेकिन वे काफी नाराज थे। जबकि उन्हें 12 लाख रुपए नगद एवं दहेज का सारा सामान एवं लगभग 12 तोला सोने के आभूषण प्रदाय किया जा चुका था। विवाह के बाद में अपने ससुराल पहुंची, तब उसका सारा सोना पति और सास ने रख लिया, इसके बाद प्रार्थिया विवाह दिनांक से लेकर जनवरी के द्वितीय सप्ताह तक अपने ससुराल पुणे में रही, इस दौरान ससुराल पक्ष ने इस बीच कई बार उससे गाड़ी एवं राशि की मांग कर ताना देकर मारपीट करते थे। प्रार्थिया जनवरी के दूसरे सप्ताह से लगभग 20 दिनों तक मायके बसना में रही। जब उसे लेने उसके पति जुनैद मेमन बसना आए, तब भी प्रार्थिया के पिता से दहेज में 5 तोले की सोने की चेन एवं गाड़ी की मांग की और उस पर हाथ उठाया। इसके बाद फरवरी 2025 में वह उनके साथ अपने ससुराल वापस गई, पति और सास,ससुर के बर्ताव में कोई बदलाव नहीं आया और मांग पूरी नहीं होने पर तलाक देने की बात कहते रहे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 85, 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वृद्धजन दिवस पर सम्मानित हुए वरिष्ठ नागरिक, हुआ सम्मान

## समाज में अनुभव की असली पाठशाला हैं हमारे वरिष्ठजन: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर

- सांसद ने कहा- वृध्दजन समाज के जीवित विश्वविद्यालय

स्थानीय शंकराचार्य भवन में जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ महिला एवं पुरुष शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, येतराम साहू, पीयूष साहू, प्रकाश शर्मा, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, शरद मराठा एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी आज जिस मुकाम पर हैं, वह हमारे वरिष्ठजनों की शिक्षा, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। आपसे हमें क्या सीखना, आप स्वयं समाज के जीवित विश्वविद्यालय हैं। दादा-दादी और नाना-नानी का प्यार और



संस्कार सबसे बड़ी पाठशाला है। विधायक सिन्हा ने कहा कि पूरा विश्व आज संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर वृद्धजन दिवस मना रहा है। यह शासन की महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार माता-पिता की सेवा और देखभाल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिमाह 500 रुपए की पेंशन उपलब्ध करा रही है। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की धरोहर हैं और प्रशासन उनकी पेंशन, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता और अन्य योजनाओं को और अधिक सशक्त बनाने हेतु कटिबद्ध है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल एवं सीईओ हेमंत नंदनवार ने भी वरिष्ठजनों को समाज की प्रेरणा बताया।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित वृद्धजन सम्मान समारोह में जिले के 300 वरिष्ठजनों को छड़ी, 100 वरिष्ठजनों को श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, ट्राई सायकल, साड़ी, धोती, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया।

### मजिस्ट्रेट ने दी अधिनियम की जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनीता डहरिया के मार्गदर्शन पर न्यायिक मजिस्ट्रेट गीतांजलि कश्यप द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को नालसा के करुणा अभियान और माता-पिता भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



### थाना स्टाफ के साथ मनाया वृध्दजन दिवस

शहर के इमली भाठा में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन में निवासरत बुजुर्ग अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सिटी कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी शरद दुबे एवं थाना स्टाफ के साथ केक काटा। पश्चात सेवा सदन में आस्था वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने विजिट किया और जायजा लेते हुए यहां हो रही देखभाल और व्यवस्थाओं की सराहना की।

**खबर संक्षेप**



## नौ कन्या भोज में बालिकाओं की हुई पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव में शारदीय नवरात्रि के अष्टमी पर दुर्गा पंडाल सहित देवी मंदिरों व घरों में हवन पूजा हुआ। दोपहर 1 बजे ग्रामवासियों द्वारा कन्या पूजन किया गया। देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन कराने के बाद लोगों ने नवरात्र उपवास का समापन किया। पहले कन्याओं को उनके घर जाकर ससम्मान भोजन के लिए आमंत्रित किया। बालिकाओं को साफ आसन पर बैठाकर सभी कन्याओं के पैर धुलाकर, कुमकुम से तिलक लगा कर देवी माँ के नौ रूपों में सजाया गया। हार-फूल पहनाकर स्वागत किया। जिसमें उपहार में नए वस्त्र, शिक्षा से संबंधित चीजें, नए जूते-चप्पल, श्रृंगार सामग्री भेंट किए।

## बस व ऑटो चालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला परिवहन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस स्टैंड महासमुंद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बस एवं ऑटो चालकों, परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों की शुगर, बीपी एवं आंखों की जांच की गई। शिविर में जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव सहित पूरा स्टाफ उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुषा चंद्रसेन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज राय, नेत्र सहायक अधिकारी उमेश गोतमारे, टकेश्वर सिन्हा, श्रीमती मिलन भदौरिया एवं नर्सिंग अधिकारी शेखर पटेल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# बागबाहरा शहर मंडल में जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला हुई, विकसित भारत के लिए कार्यकर्ताओं ने लिया 'स्वदेशी' का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रदेश एवं जिला भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर बागबाहरा शहर मंडल ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष डिंपल (डॉली) ध्रुव के नेतृत्व में हुई इस कार्यशाला में मोदी सरकार द्वारा जीएसटी में हुए ऐतिहासिक स्लैब सरलीकरण और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश प्रकोष्ठ सहसंयोजक चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद) तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणीग्राही विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**30 टैक्सों के जंजाल से मुक्ति के बाद 4 स्लैब का 2 स्लैब में सरलीकरण -** वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2017 में जीएसटी लागू करने से पहले देश की जनता लगभग 30 तरह के अलग-अलग टैक्सों के बोझ से परेशान थी। जीएसटी ने इस जटिल प्रणाली को खत्म कर 'एक राष्ट्र, एक कर' की व्यवस्था स्थापित की। हाल के सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद ने 4 मुख्य स्लैब को खत्म कर अब वस्तुओं को मुख्य रूप से सिर्फ दो स्लैब (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ) में रखा है। यह ऐतिहासिक कदम है, जिससे 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब में आने वाली अधिकतर वस्तुएं अब 5 या 18 प्रतिशत में आ गई हैं। वक्ताओं ने जोर दिया कि इस सरलीकरण से दैनिक उपयोग की चीजें सस्ती हुई हैं।

वक्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार ने आवश्यक दैनिक उपयोगी चीज़ों में जीएसटी दर में और कटौती कर जनता को बड़ी राहत दी है। यह कटौती नवरात्रि के प्रथम दिवस पर लागू होकर देश की जनता और व्यवसायियों के लिए एक तोहफे के समान है। इन सुधारों से आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है।

### गर्व से कहो स्वदेशी' का संकल्प एवं सम्मान समारोह

कार्यशाला के अंत में उपस्थित सभी विशिष्टजनों और कार्यकर्ताओं ने देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर 'गर्व से कहो स्वदेशी' का नारा भी गूंजा, जिसका उद्देश्य स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में अल्का चंद्राकर, मोनिका साहू, भीखम ठाकुर, स्मिता चंद्राकर, प्रेम साहू, नरेश चंद्राकर, शंकर तांडी, दुबेलाल साहू, बाला चंद्राकर, अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, काजल साहू, नारायण तांडी, अशोक दीप, पार्वती नायक, नितेश पांडे, सविता दीवान, श्यामा चंद्राकर, योगेश चिंदा आदि मौजूद रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर ग्रीन केयर की मांग सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में हो शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विश्व पर्यटन दिवस अप्रैल 2025 के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पुरातत्व नगरी सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग पुनः बुलंद करते हुए महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी जिन्होंने हाल ही में लोकसभा में सिरपुर को विश्व विरासत में शामिल करने तथ्यात्मक वक्तव्य देकर मांग की का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया है। विश्व पर्यटन दिवस पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा पोस्टर जारी कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक्स पोस्ट कर मांग की है।

गौरतलब है कि सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं संस्था के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ द्वारा संस्था ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के माध्यम से बहुत समय से सिरपुर को विश्व धरोहर में



शामिल करने की मांग की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासमुंद जिले का विश्व विख्यात धार्मिक बौद्धिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में शामिल हो। अपनी इस मांग की पुनरावृति करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि हम सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग यूं ही नहीं कर रहे हैं। अपितु सिरपुर में विश्व धरोहर में शामिल होने की सभी अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं एवम साख्य मौजूद है। सिरपुर बौद्ध धर्म, शैव धर्म, वैष्णव धर्म, जैन धर्म के स्थापत्य कला को आज भी अपने में समेटे हुए है। भारत का सबसे बड़ा बौद्ध स्थल है। अनेक बौद्ध विहार, भिक्षुओं को पढ़ाने के प्रमाण सहित बौद्ध विद्वान नागार्जुन के आने के प्रमाण है। खुदाई में बौद्ध कालीन खंडहर भगवान बुद्ध की भव्य प्राचीन मूर्ति, बाजार, अस्पताल, बंदरगाह होने के साख्य मिले है। लाल ईंटों से बना भारत का पहला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर जिसमें सीमेंट का उपयोग नही हुआ है तथा ताजमहल से भी 1100 पहले का निर्माण है। चीन के बौद्ध भिक्षु व्हेन सांग के ग्रंथों में भी सिरपुर का उल्लेख मिलता है। बौद्ध भिक्षु व्हेन सांग के सिरपुर आने तथा सिरपुर में कुछ वर्ष रहने के उल्लेख मिलते हैं। रामायण काल के भी अनेक उल्लेख मिलते हैं। इतनी सारी विशेषताओं एवम पात्रता के मापदंडों में खरा होने के बाद भी अब तक विश्व धरोहर में शामिल न हो पाना आश्चर्य है। अभी हमारे देश में कुल 43 विश्व धरोहर हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ का एक भी साइट अब तक विश्व धरोहर में शामिल नहीं है। हम छत्तीसगढ़वासियों की पुरजोर मांग है कि अगला विश्व धरोहर के रूप में हमारा सिरपुर स्थान प्राप्त करें। हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरवान्वित होगा।



## भाजपा सरकार में गायों की हो रही तस्करी

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष ने प्रेस से कहा कि भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गई है। गायें भूख से, दुर्घटना से मर रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया। जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख तथा खुले में घूमने के कारण सड़कों पर एक्सीडेंट से बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौत हो रही है। विभिन्न समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गई। 200 से अधिक गायें जहरीले पदार्थ आदि खाने से मारी गईं। गोठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे। गौवंश अब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गौवंश की तस्करी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया। 2023 में लगभग 14 लाख गौवंश का राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय 10800 गोठानों में व्यवस्थापन होता था। उनके चारे पानी की व्यवस्था होती थी। गायों की मौत के मामले में कांग्रेस ने अभी तक 6 कमेटियां बनाई है, उनकी रिपोर्ट और हमने जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से चर्चा कर जानकारी एकत्रित की वह बहुत ही चौंकाने वाली वाली और दुखद है। दो साल में गांवों और शहरों में पशुओं की संख्या 40 फीसदी तक घट गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पिछले पौने दो साल में प्रदेश से गायब लगभग 5 लाख गोवंश के बारे में भाजपा सरकार स्पष्टीकरण दें। सरकार 2023 के पहले के सभी 10800 गौठानो को पुनः शुरू करें। गोठानों में चारा पानी की सुरक्षित व्यवस्था किया जाए।



## प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीतेंद्र साहू, उपाध्यक्ष साधना साहू से मोहन साहू व पवन साहू ने सौजन्य भेंट किया।



## सतनामी समाज भोरिंग के नए पदाधिकारियों का चयन

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में सतनामी समाज के उत्थान और सामाजिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नए कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस अवसर पर खोशील जेंद्रे को अध्यक्ष तथा लवेश ढीढी को उपाध्यक्ष चुना गया। चंद्रप्रकाश ढीढी सचिव और टेथीस चेलक कार्यकारी अध्यक्ष का पद संभालेंगे, जबकि पराग आंवले कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। संरक्षक के रूप में सत्यप्रकाश साय और कमला बरिहा मार्गदर्शन करेंगे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लोकेश्वरी घृतलहरे चुनी गई हैं, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करेंगी।



## भोरिंग हाईस्कूल में भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अनुसार तुमगांव मण्डल के ग्राम भोरिंग के हाईस्कूल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष शशिकांत साहू, महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, पूर्व सरपंच देवनाथ साहू, शाला विकास समिति हाई स्कूल के अध्यक्ष पोखन ढीढी, तुमगांव सोसायटी अध्यक्ष पोषण निर्मलकर, पार्षद भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल, भाजपा नेता राधे श्याम साहू, वरिष्ठ नेता डॉ रेखराम साहू, खैरझिटी से नंद किशोर यादव, ओसराम ढीढी, जनपद प्रतिनिधि लवेश ढीढी आदि मौजूद रहे।



## झलप में वृद्धजनों का किया गया सम्मान

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप में वृद्ध दिवस पर ग्राम के बुजुर्गों भुनेश्वर छेदी कांटे, बालाराम, ग्राम के बैगा बुनु ध्रुव एवं प्यारे लाल सेन का श्रीफल व गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत झलप सरपंच राकेश साहू, समाज सेवी अतुल गुप्ता, पंच नीरज अग्रवाल, ग्राम पंचायत सचिव हेमेंद्रनाथ योगी, रानी नामदेव, शालनी सिंग ग्रामीण उपस्थित रहे।


# सोहेला दुर्गोत्सव ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सांस्कृतिक एकता को जोड़ा : विधायक

## ओडिशा के सोहेला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

ओडिशा के सुप्रसिद्ध सोहेला दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित परवन लोक महोत्सव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। महोत्सव की अध्यक्षता ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री प्रकाश चंद्र देवता ने की। कार्यक्रम के पूर्व विधायक चातुरी नंद ने मां दुर्गा रानी की पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने पंडाल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक विधायक चातुरी नंद को रथ में सवार कर ले गए। इस दौरान बाजे गाजे और फटाखों के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद का मंच में आयोजन समिति की ओर से ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री प्रकाशचंद्र देवता ने शाल एवं माता दुर्गा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।





इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सोहेला में आकर मुझे यह अनुभव हुआ कि हमारी परंपराएं और संस्कृति ही हमें जोड़ने का सबसे मजबूत धागा हैं। जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ मुझे आमंत्रित किया गया, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है। यह केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की धरा और वहां की जनता का सम्मान है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सोहेला दुर्गा पूजा समिति जिस प्रकार जनभागीदारी और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखे हुए है, वह अनुकरणीय है। यहां की व्यवस्था, अनुशासन और आस्था देखकर मुझे गर्व हो रहा है।

कार्यक्रम में आयोजन समिति अनिल प्रधान, जगदीश अग्रवाल, राजन देवता, ललित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुरेश साहू सहित छत्तीसगढ़ से विधायक चातुरी नंद के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि डॉ बिरांची बेताल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानंद नायक, भरत मेश्राम, तन्मय पंडा, दीपक साहू, ओम चौहान, जयंत यादव, शिवम चौहान सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### संस्कृति और सौहार्द्र का प्रतीक

महोत्सव में विधायक को मिला सम्मान छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूत बनाने वाला साबित हुआ। स्थानीय जनता ने भी विधायक का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और इसे दोनों राज्यों की एकता का प्रतीक बताया। परवन लोक महोत्सव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने अपने चिर परिचित अंदाज में ओडिशा की धरती में भी छत्तीसगढ़ी में भाषण दिया। विधायक चातुरी नंद की छत्तीसगढ़ी भाषा में दिए भाषण को सुनकर स्थानीय जनता ने तालियां बजाकर अभिनंदन किया। साथ ही विधायक नंद ने उड़िया में एक सुमधुर गीत गाकर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। लोक महोत्सव में विभिन्न राज्यों के आए कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के रतनपुर से पहुंचे नृत्य ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया।

# खट्टी के महतारी सदन में हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम खट्टी के महतारी सदन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला 2025 एवं जीएसटी रिफॉर्म मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से मुख्य वक्ता ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, दिग्विजय साहू दिग्गी अध्यक्ष ग्रामीण मंडल महासमुंद, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद विशेष रूप से उपस्थित थे। जिसमें जिलाध्यक्ष ऐराम साहू के निर्देशानुसार आत्म भारत संकल्प 2025 एवं जीएसटी रिफॉर्म के कार्य योजना को सभी शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक ले जाने हेतु संकल्प लिया गया। साथ ही नेशनल पैरा योगासन चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करने वाले कांस्य पदक विजेता ग्राम खट्टी के नवयुवक तोरण यादव को शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला के साथ सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर पुष्पा ध्रुव जनपद सदस्य महासमुंद, आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, परमानंद साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण मंडल महासमुंद एवं कार्यक्रम संयोजक, मेघराज चंद्रसेन मंत्री ग्रामीण मंडल महासमुंद, श्रीकांत शर्मा मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम सह संयोजक, अनिता मोती मेहरा सरपंच खट्टी, पवन साहू अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खट्टी, नकुल मेहरा, रमेश शर्मा, रामेंद्र गिरी, जितेंद्र चंद्राकर, रूपलाल ध्रुव, मनहरन साहू, नोहर साहू, राजू मिर्धा, मिथलेश यादव, राजू साहू कनेकेरा, द्वारिका साहू कोसरंगी, डॉ दूज राम साहू पूर्व सरपंच, कालिंदी साहू, संतोषी साहू, लीला यादव, प्रेमलाल साहू, दुजराम पटेल, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मण पटेल, रमेश यादव, बसंत कुमार निषाद, दिलेश्वर यादव, नोहर साहू, खेलावन पटेल, भानुराम साहू, किशुन साहू, ओमप्रकाश साहू, भागीरथी मेहरा, प्रखर साहू, ललित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ माखन सिन्हा महामंत्री भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद एवं आभार प्रदर्शन रमेश शर्मा ने किया।



## बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में हुआ हवन-पूजन

**महासमुंद।** बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा हवन पूजा कार्यक्रम किया गया। 2 अक्टूबर को नौ कन्या पूजन के बाद माता की विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खरोरा में धूमधाम से दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में दुर्गा नवमी नौ कन्या भोज कराकर मां दुर्गा व सरस्वती व लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। खरोरा में सुबह 12 बजे से प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ हुआ। ग्राम खरोरा में मां दुर्गा की प्रतिमाएं को नौ दिन तक स्थापित की गई। सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा और इंदिरा नगर भाटापारा खरोरा और शिव चौक खरोरा ग्रामवासियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के पूर्व मांदर की थाप में सेवा समितियों द्वारा सेवा जसगीत गाते हुए और युवा वर्ग शामिल थे। सांग लेने वालों में युवाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देवी दुर्गा समितियों के सदस्यों द्वारा माता रानी को नम आंखों से विदा करने के पश्चात गांव के महामाया मंदिर से माता की पूजा अर्चना की गई और मांदर की थाप में सेवा समिति के सदस्यों द्वारा माता रानी की प्रतिमाओं को खरोरा के प्रमुख चौक-चौराहे से जस गीत गाते हुए मां को विदा किया गया। मां दुर्गा की शोभायात्रा निकाली गई। घर-घर में ही पूजा फिर तालाब में विसर्जन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमाओं को मांदर की थाप में जस गीत गाते हुए भ्रमण कराते हुए ग्राम खरोरा के तालाब में विसर्जन किया गया। माता रानी की विदाई में भक्तों के आंख से आंसू छलक पड़े। नम आंखों से माता रानी को विदाई दी गई।





**नर्रा।** क्वांर नवरात्र पर खरियार रोड नगर के शीतला मंदिर बाजार पारा में ज्योत जंवारा जग शोभायात्रा निकाली गई। महानवमीं पर ज्योत जंवारा विसर्जन शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकली। महिलाएं व बालिकाओं ने सिर के ऊपर कलश टोकरी रखीं हुई थी। इस दौरान श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शोभायात्रा के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**नर्रा।** क्वांर नवरात्र पर क्षेत्र के देवी मंदिरों तथा दुर्गा पंडलों में विधिवत हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। इसके बाद कुछ स्थानों में नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। दूसरे दिन याने बुधवार को नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना व आरती कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ट्रैक्टर पिकअप इत्यादि में सवार कर गांवों की गलियों में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जहां प्रातः से दोपहर तक विसर्जन का दौर जारी रहा। इस दौरान श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सेवा मंडली द्वारा मांदर झांझ मंजीरा की थाप पर विदाई गीत के साथ थिरकते झूमते रहे। तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया। इसी तरह ग्राम कारागुला में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्राम पंडरीपानी में भी दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन यात्रा निकली, जहां बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



# मां दुर्गा के जगराता कार्यक्रम में भलेसर पहुंचे तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम भलेसर में आयोजित जगराता कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पहुंचे। साथ ही ग्राम मचेवा, परसकोल, भुरका, लाफिनकला, कनेकेरा के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार मां दुर्गा का नौवां और अंतिम रूप, माँसिद्धिदात्री को समर्पित है, जो सभी प्रकार की सिद्धियां और शक्तियां प्रदान करती हैं. वे 'सिद्धि' (अलौकिक शक्तियां) और 'दात्री' (दान करने वाली) शब्द से बनी हैं, और उनकी पूजा से साधक सभी सांसारिक और आध्यात्मिक इच्छाओं से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है।

जब सभी देवता महिषासुर के अत्याचारों से परेशान हो गए, तब ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने अपने तेज से मां सिद्धिदात्री को उत्पन्न किया। ऐसी मान्यता यह भी है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठिन साधना की, जिससे उन्हें देवी से अणिमा, महिमा, गरिमा जैसी आठ सिद्धियां प्राप्त हुईं। इसके बाद भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया था और वह अर्धनारीश्वर कहलाए।

# बम्हनी में आस्था और भक्ति के साथ हुआ ज्योत-जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बम्हनी में नवरात्रि पर्व पर पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के माहौल में ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान गांव की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नवरात्रि के नौ दिनों तक शीतला, दुर्गा एवं महामाया मंदिर और घरों में कलश स्थापना के साथ जंवारा की बुआई की गई थी, जिनकी सेवा और पूजा विधि-विधान से की गई। नवमी के दिन गांव के जोत- जवारा एक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में, सिर पर जंवारा के कलश (ज्योत) धारण कर, जस गीत गाते हुए चल रही थीं। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तों के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। रामेश्वर पांडेय, मासूम पांडेय, संजय वैष्णव, राजू साहू, खेलावन यादव, भारत साहू ने बताया कि ज्योत- जंवारा माता दुर्गा का स्वरूप माने जाते हैं, इसलिए विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं।

यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए निर्धारित जलाशय तक पहुंची, जहां विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने देवी से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

# प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का किया स्वागत: अंकित



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पर्व पर माता रानी के दर्शन करने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का सपरिवार खल्लारी माता राउर आगमन हुआ। जहां अंकित बागबाहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ चयन चंद्राकर, इंद्रा चौहान, कमलेश राजू यादव, अभिषेक यादव, हीरादास टंडन, मुकेश साहू, पंकज साहू, हरजीत ठाकुर आदि उपस्थित रहे। अंकित ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष बैज सर्वप्रथम मां चंडी दरबार पहुंचे। पश्चात मां खल्लारी के दर्शन भी उन्होंने किया। उपस्थित पुजारी ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया। अध्यक्ष द्वारा सपरिवार माता को चोला व श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई और प्रदेश की खुशहाली और शांति की प्रार्थना की।

# सशिमं बागबाहरा कबड्डी के प्रतिभागियों का क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

## सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा के प्रतिभागियों ने प्रांतीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहां एक विशेष क्षण के साक्षी हैं। बीते तीन दिनों तक प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। मैदान पर खिलाड़ियों ने केवल खेल ही नहीं खेला, बल्कि अनुशासन, परिश्रम, टीम भावना और आत्मविश्वास का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। कबड्डी हमारे देश का परंपरागत खेल है, जो हमें साहस, धैर्य और सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने जिस जोश और खेल भावना से भाग लिया, वह सराहनीय है। जीतने वाली टीम को हार्दिक बधाई और जो खिलाड़ी विजयी नहीं हो सके, उनसे कहना चाहूंगा कि हार को कभी अपनी कमजोरी न मानें, बल्कि अगली जीत की तैयारी समझें।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय नगर पालिका के पार्षद रूपेशकुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में थाना प्रभारी अजय सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों ने भैया बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता ने हमें यह सिखाया कि सच्चा खिलाड़ी वही है जो परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरता है और परिणाम चाहे जो हो, मुस्कुराकर स्वीकार करता है।



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय तरूण वर्ग कबड्डी की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सशिमं बागबाहरा कबड्डी प्रतिभागी विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तर (छत्तीसगढ़, मध्यभारत, महाकौशल एवं मालवा) की प्रतियोगिता दिनांक 10 एवं 14 अक्टूबर 2025 को बनखेड़ी गोविंदनगर (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेंगे।

विदित रहे, उक्त सामूहिक खेलकूद समारोह एवं का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। भारत शासन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभागियों को एक राज्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रांत स्तर की सामूहिक खेलकूद (कबड्डी) प्रतियोगिता 29 सितंबर से 01 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में आयोजित था, जिसमें सशिमं बागबाहरा के तरूण वर्ग के प्रतिभागियों ने फाइनल की प्रतियोगिता में रायगढ़ विभाग के प्रतिभागियों को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए तरूण वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। वहीं तरूण वर्ग बहिन के प्रतिभागियों ने दुर्ग विभाग को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करने के लिए चयनित होकर बागबाहरा नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत को गौरवान्वित किया।

प्रांतीय प्रतियोगिता में चयनित होकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का तरूण वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में नेतृत्व करने के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, प्रादेशिक सचिव लक्ष्मणराव मगर, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू, सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेन्द्र सिंह, सदस्य लालचंद जैन, प्रीतम सिंह दीवान, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, मानिकलाल साहू, साधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित, तारा शर्मा, राही शर्मा, केशव चंद्राकर, शैलेंद्र तिवारी, नरेश जैन, विकास बग्गा, प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर एवं समस्त आचार्यो ने हर्ष जताया है।

# खरोरा व भावा के जगराता कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्र के अवसर पर ग्राम खरोरा व पटेवा क्षेत्र के ग्राम भावा में जगराता कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा किया गया। दोनों ग्रामों के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष का गुलाल टीका लगाकर व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने माता की पूजा कर समस्त ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए माता से प्रार्थना की।

उन्होंने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे। नवरात्र में पूरे नौ दिनों तक अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति हमारी धरोहर है। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल में रहने वाले कलाकारों को मंच प्रदान होता है। गांव में इस तरह का वृहद आयोजन होना अपने आप में गौरव की बात है। इस अवसर पर ग्राम भावा में युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष सौरभ लोधी, रत्नेश साहू, मदन पटेल, प्रेमलाल पटेल, मनोज यादव, घासूराम दीवान सहित आयोजन समिति के सदस्य गण व ग्रामीण जन तथा खरोरा में भी बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**अछोला पहुंचे नपाध्यक्ष:** नगर पालिका अध्यक्ष साहू अछोला के महामाया मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता की पूजा कर ग्राम अछोला सहित समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि अछोला का यह मंदिर केवल ग्राम अछोला के लोगों की नहीं अपितु आसपास के ग्रामों के आस्था का केंद्र है। मंदिर समिति की तैयारियों को देख उन्होंने खुशी व्यक्त की।

## महासमुंद विस में 2 प्रमुख मार्गों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 02 प्रमुख मार्गों के निर्माण के लिए शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसमें भलेसर-कनेकेरा-महादेवघाट मार्ग और ग्राम चिंगरौद से हथखोज मार्ग शामिल है। विधायक कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार भलेसर-कनेकेरा-महादेवघाट मार्ग जिसकी लंबाई 1.40 किलोमीटर है, इसके निर्माण के लिए 261.48 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह मार्ग गरियाबंद जिले से जुड़ती है। इसी प्रकार ग्राम चिंगरौद से हथखोज मार्ग जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर है, इसके लिए 300.55 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह मार्ग भी आगे गरियाबंद जिले को जोड़ती है। साथ ही काफी समय से इस मार्ग के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही थी।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# संकुल केंद्र छुवारीपतेरा से पांच शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

पिथौरा विकासखंड में विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रूप कुमारी चौधरी थे। अध्यक्षता विधायक संपत अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, उषा पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, रामदुलारी सिन्हा सदस्य जिला पंचायत, देवेश निषाद अध्यक्ष जनपद पंचायत, कमलजीत सिंह छाबड़ा सभापति जनपद पंचायत, पुरुषोत्तम धृतलहरे सभापति जनपद पंचायत पिथौरा उपस्थित थे।


कार्यक्रम में संकुल केंद्र छुवारीपतेरा से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं संगीत कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए शासकीय प्राथमिक शाला लोहारिन डोंगरी की शिक्षिका निशा कुलदीप को आदर्श शिक्षक सम्मान से विधायक संपत अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुलदीप मैडम को गायन वादन के लिए जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।



शासकीय प्राथमिक शाला बिजेमाल से प्रधान पाठक द्रोण साहू को राज्य स्तर पर कक्षा पहली से आठवीं तक बुक लेखन के लिए आदर्श शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि द्रोण साहू विगत 15 वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान रायपुर में विभिन्न कार्यशाला में भाग लेते हैं एवं पुस्तक लेखन कार्यशाला में लगातार भाग ले रहे हैं। इसके अलावा वे एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के रिसोर्स पर्सन हैं। बहुभाषी शिक्षा पर उन्होंने कई मॉड्यूल लेखन में सहयोग किया है तथा राष्ट्रीय स्तर पर इनकी कक्षा की वीडियो देखी जाती है। ये राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर भी हैं। अभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार लिखी जा रही नई किताबों में प्राथमिक कक्षाओं के हिंदी विषय के लेखन समूह कैसेडे हैं तथा एफएलएन के कोर ग्रुप के सदस्य भी हैं।

शासकीय हाईस्कूल छुवारी पतेरा के प्रभारी प्राचार्य यमुना पांडे को लगातार 5 वर्षों से उच्चतम परीक्षा फल लाने के लिए विधायक संपत अग्रवाल द्वारा आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शासकीय हाई स्कूल छुवारीपतेरा में पदस्थ व्याख्याता जगदीश सामल को राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पिथौरा की ओर से आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया किया गया। शामल को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक संपत अग्रवाल द्वारा शॉल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संकुल केंद्र छुवारी पतेरा के संकुल समन्वयक तुलाराम राणा को संकुल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक सम्पत अग्रवाल द्वारा साल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र छुवारीपतेरा से विकासखंड स्तर पर पांच शिक्षकों का सम्मान होने पर संकुल के शिक्षक फगूलाल नायक, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चैनडिपा तेजराम रात्रे, दीपांजलि नायक, लता पटेल, रुचि दुबे, रामचरण बरिहा, कुसुम लता पटेल, रमेश कुमार साहू, वीणा नायक, राजाराम बंजारे अनिल कुमार भाई ने हर्ष जताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411